अतिरिक्त सचिव ने पॉली हाउस सहित कृषक गतिविधियों का किया निरीक्षण

बिचून । कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव अभिलक्ष लिखी ने गुरुवार को मोखमपुरा कृषक प्रोड्यूसर कंपनी संस्था में जाकर फसल ग्रेडिंग मशीन, दवाओं व उर्वरकों की जानकारी ली। इसके बाद अतिरिक्त सचिव ने खेतों में जाकर किसानों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पॉलीहाउस, नर्सरी का निरीक्षण किया। इस मौके पर निदेशक एनआईएएम डॉ. हेमा, उपनिदेशक कृषि डॉ. एस आर सिंह, डॉ सतीश, रामस्वरूप सैनी, खेमचंद नेहरा, सीईओ मुकेश गौरा, छीतरमल सहित किसान मौजूद थे।